University in News on 12 July 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

शोध पर फोकस और एआई का उपयोग करें युवा : राज्यपाल

लविवि परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का किया लोकार्पण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए कंप्यूटर किट

माई सिटी रिपोर्टर

कौटिल्य भवन का उद्घाटन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। -संवाद

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 118 कंप्यूटर किट वितरित कर आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया।

विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वह बच्चों, किसानों, पशु-पक्षियों, रोगों और मानव जीवन से जुड़ी समस्याओं पर शोध करें। एआई जैसी आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी संसाधनों की पहुंच बेहद जरूरी है। आंगनबाड़ी केंद्रों को कंप्यूटर किट बांटना एक दूरदर्शी और संवेदनशील प्रयास है, जिससे बाल विकास की आधारशिला और सशक्त होगी। साथ ही महिला सशक्तीकरण और डिजिटल साक्षरता को नई गति मिल सकेगी।

उन्होंने सुझाव दिया कि यहां के आईटी विभाग के विद्यार्थियों को ऐसी शैक्षिक व प्रेरणादायक वीडियो तैयार करनी चाहिए जो संस्कार, नैतिक शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता जैसे विषयों पर आधारित हों, ताकि उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों में दिखाया जा सके। उन्होंने नोएडा क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में इसी प्रकार के पहल के सफलता की चर्चा की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने विश्वविद्यालय की प्रगति के साथ ही यहां कराए जा रहे नए कार्यों की जानकारी दी।

18 विश्वविद्यालयों को मिली नैक ग्रेडिंग : राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को नैक से ग्रेडिंग मिली है। कई विश्वविद्यालय अब विश्वस्तरीय रैंकिंग की ओर बढ़ रहे हैं। हमें विश्वविद्यालयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा। छह वर्षों में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। प्रदेश में छह डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना की जा रही है। लखनऊ में अब 'ब्रह्मोस' जैसे उन्नत मिसाइल सिस्टम का निर्माण हो रहा है।

पुस्तकालय में छात्रों से राज्यपाल ने किया संवाद

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुक सेलर्स शॉप का भ्रमण किया और तमाम पुस्तकें देखीं। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में मौजूद छात्रों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने बताया कि पुस्तकें न सिर्फ ज्ञान का माध्यम बल्कि जीवन-दृष्टि, संस्कार और चरित्र निर्माण का भी आधार होती हैं। राज्यपाल ने मोबाइल पुस्तकालय पर जोर दिया। उन्होंने लेखक राजीव मल्होत्रा की संस्कृत नॉन ट्रांसलेटेबेल्स द इंपोर्टेंस ऑफ संस्कृटाइजिंग इंगलिश, में विशेष रुचि दिखाई। पुस्तक में संस्कृत के शब्दों का सटीक अनुवाद संभव नहीं है, इस बात पर जोर दिया गया है। (संवाद)

कुलपति प्रो. आलोक यूजीसी प्रतिनिधि नामित


स्वयं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को आधिकारिक रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड उत्तरी क्षेत्र के लिए प्रतिनिधि नामित किया गया है। प्रो. राय का यह कार्यकाल तीन वर्षों का होगा, जिसमें वे एक को-ऑप्टेड सदस्य के तौर पर गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुलपति ने शुक्रवार को विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी की ओर से निकाली जाने वाली विधि संकाय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया। इस मौके पर विधि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. बीडी. सिंह, प्रो. अशोक सोनकर, प्रो. विनीता काचर मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लखनऊ विवि : पांच कोर्स के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कुल पांच कोर्स के सम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम fofo की वेबसाइट पर जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएलएड के 8वें, बीएएमएस के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे सेमेस्टर/साल के परीक्षाओं का विस्तृत परीक्षाफल www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 8

आयोजन | एलयू में राज्यपाल ने नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण और निरीक्षण किया, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 118 कम्प्यूटर किट भी बांटी गई

विश्वविद्यालय सही समय से जारी करें परीक्षा परिणाम: राज्यपाल

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नवनिर्मित कौटिल्य भवन नामक परीक्षा भवन का लोकार्पण व निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 118 कम्प्यूटर किट वितरित कर आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। साथ ही पौधरोपण भी किया।

राज्यपाल ने एलयू की सराहना करते हुए कहा कि छह वर्षों में विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। कौटिल्य भवन के निर्माण से परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित होगी। परिणाम समय से घोषित होंगे। उन्होंने कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों को भी समयबद्ध रूप से परिणाम जारी करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करना चाहिए ताकि शिक्षा या रोजगार में बाधा न आए। प्रति कुलपति प्रो. मनुका, संकायाध्यक्ष भुवनेश्वरी भारद्वाज, मानद लाइब्रेरियन केया पांडेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

एलयू में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कौटिल्य भवन नामक परीक्षा भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कायकत्रियों को कंप्यूटर किट भी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों को दिए कार्य

1. आईटी विभाग के विद्यार्थियों को शैक्षिक व प्रेरणादायक वीडियो तैयार करने चाहिए जो संस्कार, नैतिक शिक्षा, स्वच्छता पर हो।
2. बच्चों, किसानों, पशु-पक्षियों, रोगों व मानव जीवन से जुड़ी समस्याओं पर अनुसंधान करें।
3. आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कम्प्यूटर स्थापित करें।
4. बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल साक्षरता को गति दें।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को यूनिवर्सल बुक सेलर्स हजरतगंज का भ्रमण किया।

बुक स्टोर में विद्यार्थियों से संवाद किया राज्यपाल ने

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यूनिवर्सल बुक सेलर्स, हजरतगंज का भ्रमण किया। उन्होंने पुस्तकालय में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने बच्चों की पुस्तकों को प्रेरणादायक बताया, जिनमें बाल-नाटक, कहानियां तथा रंग-बिरंगी धार्मिक एवं शिक्षायुक्त पुस्तकें शामिल थीं।

VoL PAGE 6

लविवि कुलपति बीओएटी के लिए यूजीसी प्रतिनिधि नामित

लखनऊ। लविवि के कुलपति, प्रो. आलोक कुमार राय को आधिकारिक रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी), उत्तरी क्षेत्र के लिए प्रतिनिधि नामित किया गया है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (नार्दन रिजन), जो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह योजना इंजीनियरिंग, तकनीकी और सामान्य स्नातक धारकों (जैसे बीए, बीएससी, बीकॉम) के लिए है, जो भारत के उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होती है। प्रो. राय का यह कार्यकाल तीन वर्षों का होगा, जिसमें वे एक को-ओपटेड सदस्य के रूप में गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तरी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख जैसे केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

NBT PAGE 4

LU के पुराने कंप्यूटर से पढ़ेंगे बच्चे

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए कंप्यूटर

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागों में पुराने कंप्यूटर जो विवि के छात्रों के लिए आउटडेटेड हो गए उनसे अब आंगनबाड़ी के बच्चे डिजिटल शिक्षा ग्रहण करेंगे। एलयू की ओर से शुक्रवार को 118 कंप्यूटर शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों को दिए गए। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से यह कंप्यूटर किट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई। मौके पर राज्यपाल ने विवि में बने नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूपी में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है। प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को नैक से ग्रेडिंग प्राप्त हो गई है। जबकि कई विश्वविद्यालय एनआईआरएफ रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें अपने विश्वविद्यालयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा ताकि भारत का शिक्षा तंत्र विश्व के श्रेष्ठ संस्थानों की श्रेणी में स्थान प्राप्त कर सकें।

छात्रों ने ही रिपेयर किए कंप्यूटर: विवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जो कंप्यूटर दिए गए हैं वह विवि के पुराने कंप्यूटर को रिपेयर किया गया है। खास बात ये है कि कंप्यूटर को रिपेयर करने का काम भी विवि के तकनीकी शिक्षा के छात्रों की ओर से किया गया है।

'मोबाइल लाइब्रेरी के जरिए बच्चों तक पहुंचाएं किताबें'

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शुक्रवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुक सेलर्स पहुंचीं। अलग-अलग सेक्शन में उन्होंने कई किताबें देखीं और खरीदारी भी की। वहां मौजूदा स्टूडेंट्स से उनकी पढ़ाई, रुचि, रीडिंग हैबिट आदि के बारे में पूछा। उन्होंने बुक सेलर्स सहित विभिन्न संस्थाओं को मोबाइल लाइब्रेरी शुरू करने का भी सुझाव दिया, जिससे दूर-दराज के बच्चों तक रोचक किताबें पहुच सकें। राज्यपाल ने बच्चों से जुड़ी किताबों के सेक्शन में काफी समय बिताया।

i-NEXT PAGE 3

बीए में साइकोलॉजी तो बीजेएमसी में करेंट अफेयर्स ने किया परेशान

LUCKNOW (11 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी शुक्रवार को सुबह स्टूडेंट्स की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली. इन दिनों एलयू में यूजी एडमिशन के लिए एंट्रेंस चल रहे हैं. जिसके अंतर्गत शुक्रवार को सुबह फर्स्ट मीटिंग में बीए और सेकेंड मीटिंग में बीजेएमसी का एंट्रेस था. बीए के लिए कुल 6662 कैंडिडेट्स ने अप्लाई किया था और बीजेएमसी के लिए 291 ने. बीए का एग्जाम देकर निकले स्टूडेंट्स से बात करने पर पता चला कि साइकोलॉजी के क्वैश्चन काफी कठिन थे, हालांकि हिस्ट्री का पोर्शन थोड़ा ठीक आया था, वहीं बीजेएमसी के स्टूडेंट्स का कहना था कि करेंट अफेयर्स के सवाल काफी उलझाने वाले थे, कई इंपोर्टेंट इश्यूज को लेकर सवाल पूछे गए थे.

नेशनल पीजी में रही भीड़

नेशनल पीजी कॉलेज में शुक्रवार को बीकॉम और बीएससी वायो ग्रुप का एंट्रेस था. बीकॉम में एडमिशन के लिए रजिस्टर करने वाले बच्चों की संख्या 2095 थी, जिसमें से 1861 स्टूडेंट्स उपस्थित रहे. वहीं बीएससी वायो के लिए 513 स्टूडेंट्स ने रजिस्टर किया था, जबकि 409 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया. 11 जुलाई को हुई इस परीक्षा में बीकॉम एंट्रेंस का रिजल्ट 15 जुलाई और बीएससी वायो का रिजल्ट 14 जुलाई को कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर अवेलेबल होंगे.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण : कुलपति

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड उत्तरी क्षेत्र के लिए आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह योजना इंजीनियरिंग, तकनीकी और सामान्य स्नातकों जैसे बीए, बीएससी, बीकॉम आदि के लिए लागू होती है और भारत के उत्तरी राज्यो व केंद्र शासित प्रदेशो में कार्यान्वित की जाती है।

प्रो. राय का कार्यकाल तीन वर्षो का होगा, जिसमे वे एक को ऑप्टेड सदस्य के रूप में गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली (एनसीटी), चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख इस क्षेत्र में शामिल है।

प्रो. आलोक कुमार राय यूजीसी द्वारा क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप बोर्ड के प्रतिनिधि नामित

यह नामांकन प्रो. राय के शैक्षिक नेतृत्व, उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान तथा प्रभावशाली प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है। उनके इस योगदान से शैक्षणिक संस्थानों और अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के बीच सहयोग को नई दिशा मिलेगी, जिससे छात्रों के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

विधि संकाय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

लखनऊ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी द्वारा निकाली जाने वाली विधि संकाय की वार्षिक पत्रिका 2024-25 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष बीडी सिंह, प्रो. डॉ. विनीता काचर, एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी की प्रेसिडेंट आरजू नायाब, स्टूडेंट एडवाइज़र स्वराज शुक्ला एवं सोसाइटी के सदस्य कृष्णा सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, सूर्यांश सिंह एवं शिवम कुमार मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

सिलेबस में शामिल हो डिफेंस, युवाओं को दें प्रशिक्षण : राज्यपाल

जासं • लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में छह स्थानों पर डिफेंस सेंटर को स्वीकृति दी है, जिनमें एक लखनऊ भी है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल बनाई जा रही है। चित्रकूट, अलीगढ़, झांसी, कानपुर और एक अन्य जिले में भी डिफेंस सेंटर संचालित हैं। आपरेशन सिंदूर से स्पष्ट हो गया है कि अब युद्ध आसमान में ही होंगे। ऐसे में डिफेंस हमारे सिलेबस में शामिल होना चाहिए। युवाओं को इसका प्रशिक्षण दें। 40-45 या 50 वर्ष उम्र वालों को ये सब सिखाने की जरूरत नहीं, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति की आयु निकट आ रही है। देश युवाओं का है, उन्हें आगे बढ़ाएं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • जागरण

राज्यपाल ने यहां कौटिल्य (परीक्षा) भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने एआइ का दुरुपयोग करने पर कहा कि इस दिशा में कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है। लोग परेशान हैं। कोई कभी प्रधानमंत्री के बारे में कुछ बना देता है तो कभी किसी और के बारे में। लोगों की इस 'नौटंकी' का मैसेज पूरी दुनिया में जा रहा है। एआइ का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शोध पर फोकस करें। प्राइमरी विद्यालयों में एक-एक कमरे में 50-60 बच्चे पढ़ते हैं। हम वहां अपेक्षा नहीं कर सकते, किंतु विश्वविद्यालयों में कर सकते हैं। एनईपी कहती है कि एक विश्वविद्यालय से 300 से अधिक कालेज संबद्ध न हों। इससे अधिक पर नया विश्वविद्यालय बनाया जाए। इस दिशा में पिछले वर्ष तीन और उसके पूर्व के वर्ष में तीन विश्वविद्यालय खोले गए। प्रदेश के 18 विश्वविद्यालय कभी नैक में गए थे तो सी ग्रेड हो मिला रहा होगा। निरंतर प्रयास किया गया तो 18 विश्वविद्यालयों ए, ए प्लस या ए डबल प्लस ग्रेडिंग मिली। राज्यपाल ने यहां पांच आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आस्था पाल, युतिका सिंह, आशा यादव, अंजली रावत व अंकिता सहित 118 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कंप्यूटर किट दी। उन्होंने आइटी के विद्यार्थियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बहुत संस्थानों में पांच-पांच वर्षों से कंप्यूटर बंद पड़े हैं। न अपडेट किए जाते हैं न उपयोग। फिर नया कंप्यूटर खरीदा जाता है। नोएडा का उदाहरण देकर कहा कि वहां 100 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर सांस्कारिक फिल्में दिखाई जा रही हैं। यहां के भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ऐसी पांच-10 मिनट की फिल्में बच्चों को दिखाएं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्वागत भाषण दिया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने आभार व्यक्त किया।

लवि कुलपति प्रो. आलोक राय प्रतिनिधि नामित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड, उत्तरी क्षेत्र के लिए प्रतिनिधि नामित किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा, जिसमें वे एक को-आप्टेड सदस्य के रूप में गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (नार्दन रीजन) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। (जासं)

लविवि ने की शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति : राज्यपाल

राज्यपाल ने किया लविवि में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण और निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण व निरीक्षण शुक्रवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 118 कम्प्यूटर किट वितरित कर आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया।

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। कौटिल्य भवन के निर्माण से परीक्षा प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी तथा परिणाम समय से घोषित किए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों को भी समयबद्ध रूप से परिणाम जारी करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा या रोजगार में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इसी तरह लगातार आगे बढ़ते हुए समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देते रहें। इस अवसर पर राज्यपाल ने पौधा रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय उत्कृष्ट अकादमिक परंपराओं के साथ-साथ समाज सेवा की भावना से भी ओतप्रोत हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को कम्प्यूटर किट प्रदान करना एक दूरदर्शी एवं संवेदनशील प्रयास है, जिससे बाल विकास की आधारशिला और सशक्त होगी। डिजिटल युग में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी संसाधनों की पहुंच अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कम्प्यूटर स्थापित करें तथा वहां की कार्यकत्रियों को उसका संचालन एवं उपयोग सिखाएं। विद्यार्थियों को बच्चों को भी आधारभूत डिजिटल प्रशिक्षण देना चाहिए, जिससे कम उम्र से ही तकनीक के प्रति रुचि और समझ विकसित हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि कम्प्यूटर किट के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकत्रिओं को बच्चों के लिए अधिक प्रभावी एवं आधुनिक तरीकों से शिक्षा देने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल साक्षरता को नई गति मिल सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग देश का नाम रोशन करने, वैश्विक समस्याओं पर शोध करने, मानव कल्याण तथा भारत की सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान खोजने के लिए करें, न कि किसी को नुकसान या परेशान करने के लिए। बच्चों, किसानों, पशु-पक्षियों, रोगों एवं मानव जीवन से जुड़ी समस्याओं पर अनुसंधान करें विद्यार्थी और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करें।

राज्यपाल आनंदीबेन ने किया लविवि परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण व निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 118 कम्प्यूटर किट वितरित कर आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय उत्कृष्ट अकादमिक परंपराओं के साथ-साथ समाज सेवा की भावना से भी ओतप्रोत हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को कम्प्यूटर किट प्रदान करना एक दूरदर्शी एवं संवेदनशील प्रयास है, जिससे बाल विकास की आधारशिला और सशक्त होगी। डिजिटल युग में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी संसाधनों की पहुंच अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कम्प्यूटर स्थापित करें तथा वहां की कार्यकत्रियों को उसका संचालन एवं उपयोग सिखाएं। विद्यार्थियों को बच्चों को भी आधारभूत डिजिटल प्रशिक्षण देना चाहिए, जिससे कम उम्र से ही तकनीक के प्रति रुचि और समझ विकसित हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि कम्प्यूटर किट के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकत्रिओं को बच्चों के लिए अधिक प्रभावी एवं आधुनिक तरीकों से शिक्षा देने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल साक्षरता को नई गति मिल सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग देश का नाम रोशन करने, वैश्विक समस्याओं पर शोध करने, मानव कल्याण तथा भारत की सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान खोजने के लिए करें, न कि किसी को नुकसान या परेशान करने के लिए। बच्चों, किसानों, पशु-पक्षियों, रोगों एवं मानव जीवन से जुड़ी समस्याओं पर अनुसंधान करें विद्यार्थी और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करें। राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कौटिल्य भवन के निर्माण से परीक्षा प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी तथा परिणाम समय से घोषित किए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों को भी समयबद्ध रूप से परिणाम जारी करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा या रोजगार में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इसी तरह लगातार आगे बढ़ते हुए समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देते रहें। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने पौधा रोपण भी किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने स्वागत भाषण में राज्यपाल के मार्गदर्शन और प्रेरणा को विश्वविद्यालय की गतिविधियों का आधार बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय में कराये जा रहे नवीन कार्यों की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सदस्यगण, शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

TOI PAGE 2

LU, Nat'l PG College hold UG entrance for BBA, LLB & BSc

Times News Network

Results for NPGC are expected to be announced on July 12-13

Lucknow: Lucknow University and National PG College conducted their undergraduate entrance tests on Thursday, drawing strong attendance across courses. At Lucknow University, the BBA entrance exam saw 5,232 registered candidates with 75% attendance, while 6,791 students appeared for the LLB (5-year integrated course) with 77% attendance.

National PG College also held its entrance tests the same day, with 842 of 1,010 BA applicants present and 431 of 512 BSc (Mathematics) candidates attending. Results for NPGC are expected to be announced on July 12 and 13.

Aarushi Singh, a BBA aspirant, said, "The paper was overall balanced. English and general knowledge were fine, but the reasoning section was a bit tricky and needed extra time. I think I managed it okay, but I'll feel better once the results are out." Raghav Sharma, an LLB aspirant, said, "Legal aptitude was really tough this year. Some questions were confusing and needed very careful reading. I think many of us felt the pressure. But the rest of the paper was fair."

Mehak Verma, a BA candidate at NPGC, said, "I found the paper manageable overall. The general knowledge section was actually easier than I thought it would be. I was a little nervous at first, but once I started writing, it felt better."

Aditya Patel, a BSc maths candidate at NPGC, said, "The math section was pretty lengthy and needed good time management."

AMRIT VICHAR PAGE 7

कौटिल्य भवन विश्वविद्यालयों के लिए बनेगा प्रेरणास्त्रोत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में निर्मित कौटिल्य भवन पूरे प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। यह सुविधा परीक्षाओं के कुशल और समय पर मूल्यांकन और परिणाम घोषणा में महत्वपूर्ण योगदान देगी, जो प्रशासनिक झंझटों से मुक्त होगी। उक्त बाते प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विश्वविद्यालय में निर्मित कौटिल्य भवन के उद्घाटन अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रगति राज्य भर के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की ओर से अपने पुराने 113 पुनर्निर्मित कंप्यूटर किटों को आंगनवाड़ी केंद्रों को वितरण की सराहना की और इसे डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम बताया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। कुलपति डॉ. आलोक राय ने कहा कि किसी भी संस्थान में शौचालय का होना आवश्यक है। महिला छात्रावास की छात्राओं के रक्त परीक्षण से स्पष्ट हुआ है कि कम पानी पीने के कारण रक्त गाढ़ा पाया गया जो कि उचित शौचालय की सुविधा की कमी के कारण था। विश्वविद्यालय ने पुराने और नए दोनों परिसरों में छात्राओं के लिए शौचालय परिसरों के निर्माण हेतु राजभवन को 5 लाख के दो परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए जो अब सफलतापूर्वक स्थापित हो चुके हैं।

लविवि प्रवेश परीक्षा में 25 प्रतिशत रहे गैरहाजिर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश परीक्षा शुक्रवार को दो पालियों में सम्पन्न हुई जिसमें प्रथम पाली में बीए और दूसरी पा